## सार-समाचार

### मोतीसरी को वार्ड 4 बाला में लेने की मांग

**जालोर**, (का.सं.)। पंचायत समिति भाद्राजून के वार्ड पुनर्गठन को लेकर ग्राम मोतीसरी के ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज करवाई है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्राम मोतीसरी को वार्ड संख्या 2 (भोरडा) से हटाकर वार्ड संख्या 4 (बाला) में शामिल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में मोतीसरी गांव को वार्ड संख्या 2 भोरडा में रखा गया है, जबकि भोरडा गांव मोतीसरी से करीब 10 किलोमीटर दूर है। वहां पहुंचने के लिए बाला या नीलकंठ होकर लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। इसके विपरीत वार्ड संख्या 4 बाला मोतीसरी से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे प्रशासनिक एवं दैनिक कार्यों में काफी सुविधा रहेगी। ग्रामीणों ने बताया कि नीलकंठ ग्राम पंचायत इस बार नई बनी है। इससे पूर्व ग्राम मोतीसरी ग्राम पंचायत बाला में ही शामिल था। मोतीसरी और बाला गांव के लोगों के बीच सामाजिक व पारिवारिक तालमेल लंबे समय से रहा है, इसलिए पुनः वार्ड संख्या 4 बाला में जोड़ा जाना अधिक उपयुक्त है। जनसंख्या के आंकड़ों का हवाला देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड संख्या 2 भोरडा की कुल जनसंख्या लगभग 8010 है, जबकि मोतीसरी गांव की जनसंख्या मात्र 477 है। मोतीसरी को हटाने के बाद भी वार्ड संख्या 2 की जनसंख्या करीब 7500 बनी रहेगी। वहीं वार्ड संख्या 4 बाला की वर्तमान जनसंख्या 4527 है, जो मोतीसरी को जोड़ने पर संतुलित हो जाएगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जनहित और सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम मोतीसरी को वार्ड संख्या 4 (बाला) में सम्मिलित किया जाए। इस दौरान कांठोस प्रत्याशी सरोज चौधरी कोलाराम, हडमानाराम, वरदाराम, भटाराम, राणाराम, परकास, वेलाराम, पररनाराम व भरत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### नायक सामाजिक कार्यक्रमों में पहुंचे

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने आज शनिवार को पाली में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान जनप्रतिनिधि राकेश पंवार व अन्य समाज के लोगों से मुलाकात की गई, जहां पंवार द्वारा माला व साफा पहनाकर अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इसके पश्चात सब्ज़ी मंडी स्थित सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर राजेन्द्र कुमार नायक ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। दोपहर में आयोग अध्यक्ष राकेश पंवार के साथ बागड़ कॉलेज पहुँचे, जहाँ भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। कॉलेज प्राचार्य द्वारा आयोग अध्यक्ष एवं राकेश पंवार का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद आयोग अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। इसके उपरांत सासी बस्ती में लोगों से मुलाकात की । समाजसेवी चीकू सासी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने अनूजा लोन, पानी निकासी, सीवरेज सहित कई समस्याएँ आयोग अध्यक्ष के समक्ष रखीं, जिन्हें गंभीरता से सुना गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि राकेश पंवार ने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही सर्वोदय नगर में समाज द्वारा राकेश बोहरा, मनीष तिलक एवं रामलाल द्वारा आयोग अध्यक्ष नायक का स्वागत किया गया।

### गरीबों के लिए भंडारे का आयोजन किया

**पाली**, (नि.सं.)। स्मृति शेष तेजराज बांठिया की पुण्य स्मृति में बांठिया परिवार द्वारा शनिवार सायं 5 बजे रामदेव मंदिर, मंडिया रोड स्थित प्लांट के आगे बस्तीवासियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्यक्रम रोटी बैंक, पाली के माध्यम से संपन्न हुआ। इस सेवा आयोजन का शुभारंभ बांठिया परिवार एवं उनके सगे-संबंधियों द्वारा बाबा रामदेव की आरती एवं ज्योत प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं जरूरतमंद परिवारों ने भाग लेकर लाभ लिया। रोटी बैंक, पाली के अध्यक्ष आनन्द कवाड़ के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बांठिया परिवार के सदस्यों ममता देवी, हसमुख-सपना, दिलीप-सीमा, साक्षी, छवि, परीसा, हिताशी तथा महेन्द्र-सुनीता संखलेचा एवं अनन्त संखलेचा कमलेश बाठिया, विनोद बाठिया, हेमंत बाफ़ना, राजु सा मुथा, चंद्रप्रकाश मुथा, नवीन मेहता, कपिल सेमलानी, जयंतीलाल जी सांड, पारसमल खाटेड़ सहित समस्त परिवारजन उपस्थित रहे। रोटी बैंक परिवार ने इस पुण्य कार्य के लिए बांठिया परिवार की भूरि-भूरि अनुमोदना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। इस अवसर पर रोटी बैंक के रोशन सेमलानी, अशोक पारीक एवं प्रकाश सांड सेवाभावी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे तथा सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर संपन्न

**जालोर**, (कासं)। आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बागरा में आयोजित किए गए शल्य चिकित्सा शिविर का समापन हुआ। जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी, जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप के गावंडे, आयुर्वेद विभाग, जोधपुर संभाग के अतिरिक्त निदेशक अर्जुन सिंह चारण ने आयोजित शिविर का निरीक्षण किया एवं उपचाररत भर्ती मरीजों से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम पूछी एवं साथ ही उन्होंने शिविर की चिकित्सा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। शिविर प्रभारी डॉ. रामेश्वर प्रसाद गौतम ने बताया कि शिविर में बहिरंग रोग विभाग में 4492 रोगियों को उपचार प्रदान किया गया एवं 261 बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता वर्धक स्वर्ण प्राशन करवाया गया है। इस अवसर पर डॉ भरत कुमार सुथार ने बताया कि शिविर में अर्श, भगंदर, फिस्टुला के 350 रोगियों का परीक्षण करके 103 रोगियों का क्षारसूत्र पद्धति और वस्तिकर्म से सफल उपचार किया गया। इस अवसर पर भैरव धाम, सांथु रोड बागरा के महेशनाथ, पीएमओ डा वेदप्रकाश मीणा, जनप्रतिनिधि, आयुर्वेद विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

### भजन गायक रावणा का स्वागत

**पाली**, (नि.सं.)। रावणा राजपूत समाज संस्थान पाली की ओर से रविवार को नया गांव स्थित हाइफा हीरो सर्कल पर भजन गायक छोटू सिंह रावणा व मंजीत पाल सिंह सांवराद का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि इस दौरान सांवराद ने सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।वही रावणा में कहा कि समाज में प्रतिभा की कमी नहीं है जरूरत है तो इन्हें केवल प्रोत्साहित करने की। इस मौके पर समाज के जिलाध्यक्ष प्रमेंद्र सिंह परिहार, मूल सिंह गहलोत बर,अतिरिक्त जिला शिक्षा प्रारंभिक तेज सिंह पंवार, तख्त सिंह सोलंकी, करनपाल सिंह पंवार, नरपत सिंह सोलंकी, महिला जिलाध्यक्ष सिद्धू कंवर, पर्वत सिंह ,सोहन सिंह, जय सिंह सांखला, मदन सिंह इंदा आदि मौजूद रहे। वहीं सांडेराव स्तिथ होटल हरिगढ़ में हनुवंत सिंह इंदा एवं महेंद्र सिंह इंदा की ओर राजस्थानी पारंपरिक से माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

### दिलीप पर हमले के तीन आरोपी पकड़े

**पाली**, (नि.सं.)। करीब सप्ताह पर पूर्व नगर नगर निगम के पूर्व पार्षद दिलीप ओड पर कुछ लोगों ने प्राण घातक हमला किया था, जिससे वह घायल हो गए थे। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने हमले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।न्यायालय में पेश कर आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया तथा सभी आरोपियों का बांगड़ अस्पताल में मेडिकल करवाया। फरार दो आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। आरोपियों के कब्जे से पूर्व पार्षद की बाइक बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।पिछले दिनों मंथन सिनेमा के निकट पूर्व पार्षद पर प्राणघातक हमला हुआ था। हमले में पूर्व पार्षद के हाथ व पांव में फ्रैक्चर के साथ गंभीर चोट आई थी। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस पूरे मामले को लेकर जांच कर रही है।

### भैंरूलाल त्रिस्तुतिक संघ के नगर सेठ बने

**जालोर**, (कासं)। त्रिस्तुतिक संघ जालोर के चुनाव में रविवार को भैरुलाल सेठ को नगर सेठ नियुक्त किया गया। त्रिस्तुतिक संघ जालोर के भवन में चुनाव अधिकारी रमेश बोहरा की उपस्थिति में चुनाव सम्पन्न कराये गये। जिसमें सभी पांचों पदाधिकारी सर्वसहमति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया।जिसमें नगर सेठ भैरूलाल सेठ, उपाध्यक्ष मदनलाल जैन, सचिव विकास बोहरा, कोषाध्यक्ष मुकेश मुथा, सहसचिव महेन्द्र मुणोत बने को नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### तलवार के हमले में घायल ससुर की मौत

**पाली**, (नि.सं.)। दामाद के तलवार से वार कर घायल होने से गंभीर रूप से घायल हुए 58 साल के जगदीश जोशी की आखिरकार शनिवार देर रात को जोधपुर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक मूल रूप से जोधपुर निवासी है। ऐसे में जोधपुर में ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं मृतक की पत्नी व पुत्री का महात्मा गांधी अस्पताल में इलाज जारी है।

# उद्योग हस्तशिल्प उत्सव में महिला उद्यमी सम्मेलन हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। जिला प्रशासन, लघु उद्योग भारती, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र तथा उद्यम प्रोत्साहन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव-2026 के अंतर्गत रविवार को प्रदेश स्तरीय महिला उद्यमी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री, राजस्थान दीया कुमारी रहीं। उन्होंने सम्मेलन को महिला नेतृत्व, स्वावलंबन और औद्योगिक सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक कदम बताते हुए कहा कि जब उद्यिमता की कमान महिलाओं के हाथ में होती है, तब अर्थव्यवस्था के साथ-साथ समाज भी सशक्त होता है।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस सम्मेलन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण में लघु, कुटीर एवं हस्तशिल्प उद्योगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण-संरक्षण, स्वदेशी को बढ़ावा और स्थानीय कलाकारों-व्यापारियों को मंच देने वाले ऐसे आयोजनों से टिकाऊ औद्योगिक वातावरण विकसित होता है।

उन्होंने महिला उद्यिमयों को वित्तीय संस्थाओं से जोड़कर ऋण उपलब्ध कराने, उत्पादों के विपणन, हस्तशिल्प प्रदर्शनियों, संसाधन उपलब्धता, प्रशिक्षण, नई तकनीकों और योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक बनाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना में महिला नेतृत्व निर्णायक है। राजस्थान केवल भौगोलिक प्रदेश नहीं, बल्कि विचार, संस्कृति और उद्यमशीलता की परंपरा है, जहाँ हर जिले-गाँव का कोई न कोई उत्पाद महिलाओं के परिश्रम और सपनों से जुड़ा है।

उन्होंने रेखांकित किया कि आज की नारी सहायक नहीं, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका में खड़ी है-जो परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए अवसर सृजित करती है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, पीएम विश्वकर्मा योजना और स्वयं सहायता समूह जैसी पहलों ने महिलाओं को आर्थिक प्रगति की मुख्यधारा में लाया है। वहीं राजस्थान में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नीति-स्थिरता, प्रशासनिक पारदर्शिता और उद्योग-अनुकूल वातावरण तेज़ी से विकसित हो रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि राइजिंग राजस्थान केवल नारा नही, यह निवेश, नवाचार और महिला नेतृत्व के लिए तैयार राज्य का संदेश है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता महिलाओं को सरल ऋण सुविधा, कौशल विकास, प्रशिक्षण, सुरक्षा-स्वास्थ्य, डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना और उनके उत्पादों को लोकल टू ग्लोबल पहुंच दिलाना है।

इस अवसर पर उन्होंने महिला उद्यिमयों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप कमजोर नहीं, संभावनाओं से भरी हैं। आपका आत्मविश्वास राजस्थान की पहचान और आपका परिश्रम भारत की शक्ति है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाला समय महिला उद्यिमता का स्वर्ण युग होगा और राजस्थान पर्यटन-संस्कृति के साथ-साथ उद्योग और महिला नेतृत्व में भी देश का अग्रणी राज्य बनेगा।

इस अवसर पर सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी सहित अंजु बजाज, अंजू सिंह, संयुक्त निदेशक (जिला उद्योग केन्द्र) पूजा मेहरा सुराणा, प्रियंवदा, रूमादेवी तथा एसीपी छवि शर्मा उपस्थित रही। सम्मेलन में महिला उद्यिमयों की उत्साहपूर्ण सहभागिता और विचार-विमर्श ने आयोजन को प्रेरक बनाया।

# सायला में जिला स्तरीय पशु मेला 15 फरवरी से

**सायला**,(निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित कात्यायनी माता मंदिर प्रांगण में रविवार को आगामी 15 से 19 फरवरी तक आयोजित होने वाले भव्य जिला स्तरीय पशु मेले की तैयारियो को लेकर अमरनाथ महाराज के सान्निध्य में जिलेभर के प्रबुद्ध पशुपालकों की बैठक आयोजित हुई। जिसमे मेले की व्यवस्थाओं और रणनीति को लेकर चर्चा की गई ।

बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ जनों ने कहा कि यह मेला केवल पशुओं के क्रय-विक्रय का केंद्र नहीं होगा, बल्कि यह मारवाड की समृद्ध पशुपालन संस्कृति, परंपरा और आजीविका का एक सशक्त मंच बनेगा। इसके माध्यम से उन्नत नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन किया जाएगा और पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी साझा की जाएगी। मेले की व्यापकता को देखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 13 जनवरी को एक विशाल बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें जालोर जिले की प्रत्येक तहसील और गांव-ढाणी से पशुपालकों को आमंत्रित किया गया है। इस बैङ्कक में मेले की कार्यकारिणी का विस्तार कर अधिक से अधिक प्रतिनिधियों को जोडा जाएगा। बैठक में उत्तम सिंह जीवाणा, मंगलसिंह सायला, हडमतसिंह सोढा, रविंद्रसिंह राणावत ने भी विचार साझा किए। इस दौरान नारायण सिंह रेवतडा, बलवंत राजपुरोहित, मंगलाराम देवासी, हुकम सिंह कोमता, गुलाबसिंह, करण सिंह, ईश्वर सिंह, सुरेश, भंवरसिंह, मदन सिंह, नरपत सिंह, विजय सिंह, नवनीत दवे, वागाराम देवासी, भवानी सिंह, आकाश, दीपाराम देवासी, बाबूसिंह, माधूसिंह, राजूभाई, हरसन भाई, जबरसिंह, मदन सिंह सहित बडी संख्या में पशुपालक और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

मेले को व्यवस्थित बनाने के लिए बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमे पशुओं की खरीद-फरोख्त को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए पशु विक्रय समिति को और अधिक मजबूत किया जाएगा। बाहर से आने वाले व्यापारियों और पशुपालकों के लिए ठहरने, पेयजल और चारे की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

पूरे मेला परिसर की साफ-सफाई, विभिन्न श्रेणियों के पशुओं के लिए अलग-अलग पशु द्वार और आगंतुकों के लिए आकर्षक प्रवेश द्वार बनेंगे।

# जोलियाली में 108 लाख रुपये से बनेगा किसान पथ

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जोलियाली में कृषि उपज मंडी समिति (अनाज) भगत की कोठी की ओर से स्वीकृत जोलियाली से पिपरलिया तालाब तक किसान पथ बीटी सड़क (2.70 किमी) लागत राशि 108 लाख रूपये का विधिवत शिलान्यास किया।

पटेल ने कहा राजस्थान के समठा आर्थिक विकास के लिए 9 ठाीन फील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण होगा। उन्होंने कहा मुम्बई - दिल्ली एक्सप्रेसवे को भारतमाला के माध्यम से कांडला पोर्ट से जोड़ने के लिए डीपीआर तैयार कार्य की जा रही है।

#### जोलियाली को धवा से जोड़ा जाएगा

विधि मंत्री ने कहा जोधपुर जिले में लगभग सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 800 करोड़ के सड़कों के कार्य स्वीकृत हुए उनमें से लगभग 400 करोड़ के काम लूणी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे हैं। उन्होंने कहा क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क तंत्र का समुचित विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा केरू- सालोड़ी सड़क से जोलियाली सड़क कार्य चल रहा है, इस सड़क को धवा से जोड़ा जाएगा।

#### केरू में ट्रॉमा सेंटर से बचेगी जिंदगियां

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा जैसलमेर से जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं से हजारों जिंदगियां बचाई जा सके इसलिए केरू में ट्रॉमा सेंटर के लिए भूमि आवंटन और भवन निर्माण स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा केरू क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए केरू में नवीन महाविद्यालय का शुभारंभ किया गया है।

पटेल ने कहा केरू में नवीन तहसील से किसानों और आमजन के राजस्व एवं प्रशासनिक कार्य के सुगम और त्वरित ढंग से संपादित होंगे। उन्होंने कहा पेयजल की समस्या के समुचित समाधान के लिए जल जीवन मिशन के लंबित कार्यों को पुनः प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा लिफ्ट कैनाल फेज तृतीय का काम पूर्ण होने वाला है, उसके बाद पूरे जिले में पेयजल समस्या का स्थाई समाधान होगा।

कार्यक्रम में गोविंद टाक, महेंद्र सिंह बेरू, श्याम खीचड़,सुरेंद्र सिंह जोलियाली, भल्लाराम पटेल, खींवराज जांगिड़, मंडी सचिव सुरेंद्र सिंह, अधिशाषी अभियंता श्यामलाल भास्कर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### नीरज डांगी का जन्मदिन मनाया

**रेवदर**, (कासं)। राजस्थान से राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का 56 वा जन्मदिन पर नीरज डांगी के जन्मदिन पर रेवदर में कांग्रेस कार्यकर्ता ने प्रदेश भर में गौ -सेवा संकल्प दिवस एवं हेल्पिंग डे के रूप में मनाया गया।

सरेसी गौशाला रेवदर में आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष हिमपाल सिंह देवल के नेतृत्व में चारा एवं गुड वितरण व पौधारोपण किया। जरूरतमंद लोगों को कम्बल बांटे। कांग्रेस पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लाखाराम चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमप्रकाश पालीवाल, देवाराम पुरोहित, अभाव अभियोग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पुनम चंद पुरोहित, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पोपटलाल माली, पिंटू मेघवाल, दशरथ मेघवाल, महेंद्र मेघवाल , प्रताप राम सेन , नरसा राम मेघवाल ,कैलाश दान चारण, इम्तियाज खान , कवित अग्रवाल , शैलेंद्र सिंह भाटी, ईश्वर धर्माणी , सरफराज बलोच, अर्जुन मेघवाल, हुक्म सिंह वडवज, सन्नी अग्रवाल, किशन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राईका बाग रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर्स शुरू किए

**जोधपुर**, (कासं)। रेलवे द्वारा राईका बाग जंक्शन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा में वृद्धि करते हुए साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से स्थापित किए गए चार नए एस्केलेटर चालू कर दिए गए हैं। इन एस्केलेटर्स के प्रारंभ होने से यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर आवागमन में सहूलियत मिलने लगी है।

ये सभी एस्केलेटर जोधपुर कैंट साइड स्थित फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) पर स्थापित किए गए हैं। राईका बाग रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म पर लगाए गए ये एस्केलेटर विशेष रूप से बुजुर्गों,दिव्यांगजनों, महिलाओं,बीमार एवं भारी सामान के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि यात्री सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राईका बाग रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर स्थापना कार्य अगस्त 2023 में प्रारंभ किया गया था,जिसे अब पूर्ण कर चालू कर लिया गया है। इससे यात्रियों को सुरक्षित,सुगम एवं तेज आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि स्टेशन पर सुविधाओं के विस्तार के तहत जोधपुर साइड वाले एफओबी पर पूर्व में दो लिफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा चुकी है,जिससे राईका बाग स्टेशन को आधुनिक यात्री-अनुकूल स्टेशन के रूप में विकसित करने के प्रयास में सफलता मिली है।

सीनियर डीसीएम हितेश यादव के अनुसार एस्केलेटर बिजली से संचालित स्वचालित सीढियां होती हैं,जो यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक बिना अधिक शारीरिक श्रम के पहुंचने में सहायता करती हैं। यह सुविधा विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं महिलाओं के साथ-साथ आम यात्रियों लिए लाभकारी है,जिससे वे समय पर अपने गंतव्य प्लेटफॉर्म तक पहुंचकर ट्रेन पकड़ सकें अथवा स्टेशन से बाहर आसानी से निकल सकें।

### गोस्वामी समाज की कार्यकारिणी का गठन किया

**बालोतरा**, (निसं)। शहर स्थित गोस्वामी समाज भवन में शनिवार शाम को समाज की आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के सभी सदस्यों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से श्यामपुरी को समाज का अध्यक्ष चुना गया। वहीं बाबूगिरी कितपाला को उपाध्यक्ष, शिवपुरी को सचिव तथा जितेंद्र गिरी को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही समाज की कार्यकारिणी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ समाजजनों को सलाहकार नियुक्त किया गया। इनमें किशोरपुरी, बिशनपुरी, टीकमभारती,अशोकपुरी पुत्र खिमपुरी एवं जेठनाथ शामिल हैं। वहीं ओमपुरी टापरा को संगठन मंत्री तथा क्षेत्रपाल गिरी को समाज का प्रवक्ता नियुक्त किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्यामपुरी ने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास, एकता और सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोडने तथा शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं संस्कारों के क्षेत्र में कार्य करने की बात कही।

बैठक के अंत में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा समाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ बैठक का समापन किया गया।

# जालोर का दल राष्ट्रीय जंबूरी के लिए छत्तीसगढ़ रवाना

**जालोर**, (कासं)। भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी 9 से 13 जनवरी दुधली, छत्तीसगढ में आयोजित की जा रही है। इस जम्बूरी में जालोर जलि से ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज परावा एवं वीर वीरमदेव राजकीय महाविद्यालय जालोर के 18 सदस्य रोवर रेंजर दल भाग लेगा और राजस्थान प्रदेश से लगभग 820 राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के रोवर रेंजर जंबूरी में सम्मिलित होंगे।

सी.ओ. स्काउट सवाईसिंह राठौड ने बताया कि प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी में जालोर जलि से ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज परावा एवं वीर वीरमदेव राजकीय महाविद्यालय जालौर के रोवर रेंजर का 18 सदस्य दल सुनीता जलवानिया संस्था प्रधान ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज परावा के नेतृत्व में एवं रोवर लीडर दिनेश मीणा गवर्नमेंट कॉलेज जालोर के दिशा निर्देशन में जम्बूरी में भाग लेगा। राठौड ने बताया कि जम्बूरी पूर्व सम्मेलन शिविर 4 से 7 जनवरी तक राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मंडल मुख्यालय जोधपुर के तत्वावधान में मंडल स्तरीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र चौपासनी जोधपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जोधपुर संभाग के रोवर रेंजर सम्मिलित होकर जम्बूरी में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं का पूर्व अभ्यास किया जाएगा। जोधपुर संभाग के सभी रोवर रेंजर 7 जनवरी शाम को ट्रेन द्वारा छत्तीसगढ जंबूरी के लिए रवाना होंगे।

राज्य संगठन आयुक्त पूरणसिंह शेखावत राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट बन्नालाल राज्य संगठन आयुक्त गाइड सुयश लोढा के नेतृत्व में राजस्थान का दल जम्बूरी में सहभागिता करेगा। जम्बूरी में स्टेट लेवल की प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें कलर पार्टी बैंड, मार्चपास्ट,पायनियरिग प्रोजेक्ट, बिना बर्तन के भोजन बनाना, टेंट पिंचिंग लोक गीत,लोकनृत्य,कैम्प फायर कार्यक्रम, सिंगलेलिग, टेंट ले आउट, कैंप क्रॉफ्ट प्रदर्शन, एडवेंचर गतिविधि और छत्तीसगढ के दर्शनीय स्थानों का भ्रमण भी करवाया जाएगा। इस अवसर पर जंबूरी दल का स्थानीय संघ सचिव देराम राम चितलवाना, महाविद्यालय निदेशक डॉ भागीरथ विश्नोई, प्राचार्या व रेन्जर लीडर सुनिता जलवानिया, पूजा सारण, माया ,मनिषा ,लालाराम कोषाध्यक्ष, हरीराम मेघवाल, भजनलाल, सुरेश कुमार , शैतानसिह, नारायण लाल, विजयदान,लालाराम, अशोक कुमार व भवानी सिह एव रोवर लीडर श्रवण कुमार ने माला पहनकर स्वागत कर रोवर रेंजर को जंबूरी के लिए प्रस्थान करवाया।

# पुलिस ने मोबाइल के जरिए 8746 चालान बनाए

**जोधपुर**, (कासं)।जोधपुर शहर में ट्रैफिक पुलिस ने चालान काटने का आधुनिक और स्मार्ट तरीका अपनाया है। अब पुलिस सड़क पर रुकवाकर नहीं, बल्कि मोबाइल से फोटो खींचकर चालान बना रही है।

पिछले 37 दिन में इसी तकनीक से 8746 चालान जारी किए गए हैं। पुलिस मोबाइल बाइक के जरिए भी चालान बना रही है। इन बाइक को एम्स रोड, मंडोर रोड, झालामंड रोड पर लगाया गया है।

यातायात पुलिस ने यह अभियान 26 नवंबर 2025 से वॉयलेशन ऑन कैमरा मोबाइल ऐप के जरिए शुरू किया था। पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय एवं यातायात) शहीन सी. ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर यह तकनीक बेहद कारगर साबित हो रही है।

अब ट्रैफिक पुलिसकर्मी को केवल नियम तोड़ने वाले वाहन की फोटो लेनी होती है। यह फोटो ऐप में अपलोड करते ही वाहन के पंजीकरण नंबर के आधार पर चालान स्वतः बन जाता है। इसके बाद वाहन मालिक को एसएमएस के जरिए चालान का नोटिफिकेशन भेजा जाता है।

पुलिस ने 2023 में 1,90,719 चालान बनाए। 2024 में 1,94,890 चालान काटे। 2025 में बढ़कर 2,82,603 चालान बने। साल 2025 में 2024 की तुलना में चालान 45 प्रतिशत ज्यादा रहे। वहीं, नए सिस्टम के जरिए सिर्फ 37 दिन में ही 8746 चालान जारी हो चुके हैं।

पुलिस का यह भी दावा है कि कठोर कार्रवाई और आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट से शराब पीकर वाहन चलाने और तेज गति से ड्राइविंग करने के मामलों में कमी आई है।

### लुई ब्रेल का 217 वां जन्मदिन मनाया

**पाली**, (नि.सं.)। नेत्र हीन विकास उद्योग समिति पाली संस्था के विद्यालय प्रांगण में आज लुई ब्रेल का 217 वां जन्मदिवस मनाया गया। संस्था अध्यक्ष छगनलाल सालेचा ने बताया समारोह की अध्यक्षता डॉ. एम.एस. लोढ़ा अध्यक्ष हिन्दु सेवा मण्डल पाली, विशिष्ठ अतिथि रवि मोहन भूतड़ा, अध्यक्ष माहेश्वरी समाज, एल.पी.आर मेहता प्रान्तीय सलाहकार वरिष्ठ नागरिक समिति राजस्थान, योगेन्द्र ओझा आदि थे।

# बालोतरा में सड़क सुरक्षा के लिए वाहन रैली निकाली

**बालोतरा**, (कासं)। राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत सडक सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को बालोतरा में वाहन रैली का आयोजन किया गया। यह रैली एक जनवरी से 31 जनवरी तक चलने वाले सडक सुरक्षा माह की मुख्य थीम सीख से सुरक्षा टेक्नोलॉजी से परिवर्तन के प्रचार-प्रसार के लिए निकाली गई।

जिला परिवहन अधिकारी भगवान गहलोत ने बताया कि वाहन रैली को पुलिस अधीक्षक रमेश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह, परिवहन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, बालोतरा सडक सुरक्षा समिति के सदस्य गौतम गहलोत सहित बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक रमेश ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि सडक सुरक्षा हमारे जीवन की मूल आवश्यकता है। वाहनों का सुरक्षित संचालन ही सडक सुरक्षा की मूल भावना है। यदि आमजन समय रहते सडक सुरक्षा के नियमों को अपनाएं, तो दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और यह समाज के हित में होगा। उन्होंने बताया कि सडक सुरक्षा माह के दौरान जिले भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान में पुलिस, परिवहन, शिक्षा, चिकित्सा, श्रम विभाग, नगरीय निकायों के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाएं, एनजीओ, मोटर ड्राइविंग स्कूल, फिटनेस सेंटर और वाहन डीलर भी सहभागी बनेंगे।

वाहन रैली के दौरान विभिन्न वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए और सडक सुरक्षा का संदेश दिया गया, ताकि आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति प्रेरित किया जा सके।

# जैलातरा में शिविर आयोजित

**भीनमाल**, (निसं)। निकटवर्ती जैलातरा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में रविवार को दी लक्ष्य फाउंडेशन, सीआरजी फाउंडेशन एवं नवचैतन्य फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर, नेत्र एवं दंत रोग जांच शिविर संपन्न हुआ।

डॉ दिनेश जाम्भाणी की प्रेरणा से इस जन कल्याणकारी शिविर में क्षेत्र के 400 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जाँच के साथ-साथ नेत्र परीक्षण, दंत रोग जाँच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में 140 से अधिक लोगों की निःशुल्क आँखों की जाँच की गई। जबकि 65 लोगों को दंत रोग संबंधी परामर्श दिया गया। अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की जाँच कर उन्हें आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क वितरित की गईं। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजक संस्थाओं और चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे शिविर दूर-दराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढाने के साथ-साथ जरूरतमंदों तक समय पर चिकित्सा सुविधाएँ पहुँचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर डॉ. दिनेश जाम्भाणी के जनसेवा के प्रति समर्पण की भी व्यापक प्रशंसा की गई। सरकारी सेवा में रहते हुए भी वे समाजसेवा को अपना नैतिक दायित्व मानते हैं और निरंतर जनहित के कार्यों में सक्रिय रहते हैं। जरूरतमंद वर्ग की सहायता के लिए उनका समर्पण उन्हें क्षेत्र का एक प्रेरणादायी और विश्वसनीय व्यक्तित्व बनाता है। शिविर के सफल आयोजन में सीआरजी फाउंडेशन का विशेष योगदान रहा। फाउंडर चेतन राठौड के मार्गदर्शन में फाउंडेशन वर्षों से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के साथ-साथ, सीनियर मैनेजमेंट गजेंद्र सिंह करोला के नेतृत्व में कोरोना काल के दौरान भी फाउंडेशन ने सराहनीय सेवाएँ दी थीं। शिविर में डॉ. अनिल कडवासरा, डॉ. बिठ्ठल मीणा, डॉ. मोहित हिंडोनिया, डॉ. दिनेश गौड, डॉ. राजेश बिश्नोई, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. हिरपाल सिंह सहित अनेक चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा सहयोगिनियों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से यह शिविर पूर्णतः सफल रहा।

# कैलाश चौधरी ने पद संभाला

**जालोर**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड की मौजूदगी में पदभार ग्रहण किया।

मीडिया प्रभारी राजेशपूरी ने बताया कि बाडमेर जैसलमेर बालोतरा के पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी को गत दिनों किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया था। आज भाजपा प्रदेश कार्यालय मे पदभार कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौढ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी ने पदभार ग्रहण करवाया। प्रदेश उपाध्यक्ष नाहरसिंह जोधा, छगन माहुवर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र कुमावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर गोरा, चौहटन विधायक आदुराम मेघवाल, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी ने भी सम्बोधित किया। बालोतरा जिले से जिला उपाध्यक्ष गोविंदसिंह कालूडी, खेताराम प्रजापत, उमेश सोनी, झुमरलाल सार्जेन्ट, सुखदेव जीनगर, जयराम प्रजापत, त्रिलोक माली, कपिल दवे, महावीर माली, दुर्गसिंह राजपुरोहित, मितेश यति, जुजाराम ,दानाराम, भरत गर्ग सहित कई जने उपस्थित रहे।